# कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग, उन्नाव

**पत्रांक 1704 / 14–1 दिनांक, 30 - दिसम्बर, 2022**

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0
उन्नाव।

**प्रपोजल सं0– FP/UP/ROAD/25904 / 2017**

विषयः– दही चौकी पावर हाउस से अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र दोस्तीनगर तक बाईपास निर्माण में प्रभावित आरक्षित वनभूमि के बदलें दी जाने वाली गैर वनभूमि के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः– इस कार्यालय की पत्र सं0–1673 / 14–1 दि0–26.12.2022

उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा अवगत कराया गया था कि विषयाकिंत परियोजना में बाईपास निर्माण हेतु 7.3624 हे0 आरक्षित वन भूमि प्रभावित हो रही है, जिसके सापेक्ष ग्राम–जयसिंह खेड़ा, तहसील–पुरवा, जिला–उन्नाव में 7.50 हे0 गैर वनभूमि आपके द्वारा प्रस्तावित की गयी है। प्रस्तावित गैर वनभूमि में वन विभाग द्वारा वर्ष 2020 में वृक्षारोपण कार्य कराया गया है। इस क्रम में मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ से वार्ता की गयी ताकि उक्त भूमि से सम्बन्धित कोई विकल्प मिल सके। किन्तु उनके द्वारा यह अवगत कराया गया कि भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार ऐसी गैर वनभूमि जो वृक्षारोपण से आच्छादित हो, उसे किसी परियोजना के अन्तर्गत नही लिया जा सकता क्योंकि क्षतिपूरक वृक्षारोपण केवल उसी भूमि पर किया जा सकता है जिसमे पूर्व में वृक्षारोपण न हो। क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु दी जाने वाली गैर वनभूमि का वृक्षारोपण योग्य होना आवश्यक है।

अतः मूल प्रस्ताव इस आशय से वापस किया जाता है कि वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त भूमि का चयन कर प्रस्ताव इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी वन प्रभाग,
उन्नाव

**पत्रांक 1704 / समदिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ प्रेषित–

1. मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी उ0प्र0, लखनऊ।
2. मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, उ0प्र0 लखनऊ।
3. जिलाधिकारी, उन्नाव।

प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी वन प्रभाग,
उन्नाव